भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2**

उत्तर देने की तारीख 3 फरवरी, 2025
14 माघ, 1946 (शक)

# तमिलनाडु में खेलो इंडिया केन्द्र

**2. श्री मलैयारासन डी. :**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) तमिलनाडु में खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत कुल कितने खेलो इंडिया केन्द्र स्थापित किए गए हैं;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान उक्त राज्य में उक्त योजना के अंतर्गत कितने युवा एथलीटों की पहचान की गई है और उन्हें प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता प्रदान की गई है;

(ग) उक्त योजना के अंतर्गत उक्त राज्य को अब तक कुल कितनी वित्तीय सहायता राशि आवंटित की गई है;

(घ) खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स और खेलो इंडिया स्कूल गेम्स के कार्यान्वयन में हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है और इसमें भाग लेने वालों की संख्या कितनी है और इसमें कौन-कौन से क्षेत्र शामिल हैं;

(ङ) सरकार द्वारा ग्रामीण और अल्पसेवित क्षेत्रों में विशेषकर उक्त योजना के माध्यम से खेल अवसंरचना में सुधार करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं और इन क्षेत्रों में कितनी नई सुविधाएं स्थापित की गई हैं; और

(च) पारंपरिक और आधुनिक दोनों खेलों में व्यापक प्रशिक्षण प्रदान करना सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**

**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) और (ख) : तमिलनाडु राज्य सहित देशभर में स्थापित खेलो इंडिया केंद्रों की कुल संख्या तथा पहचाने गए और प्रशिक्षित और वित्तीय सहायता प्रदत्त युवा एथलीटों की संख्या का विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड https://dashboard.kheloindia.gov.in/state-wise-khelo-india-centers पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

(ग) इस मंत्रालय में धनराशि का आवंटन स्कीम-वार किया जाता है, राज्य-वार नहीं। पिछले तीन वर्षों के दौरान खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत तमिलनाडु राज्य को आवंटित धनराशि का विवरण निम्नानुसार है :

(करोड़ रु.)

| क्र.सं. | वित्तीय वर्ष | आवंटित धनराशि |
|---|---|---|
| 1 | 2021-22 | 869.00 |
| 2 | 2022-23 | 600.00 |
| 3 | 2023-24 | 880.00 |

(घ) खेलो इंडिया स्कीम के "खेल प्रतियोगिता और प्रतिभा पहचान" घटक के अंतर्गत, अब तक खेलो इंडिया स्कूल/यूथ गेम्स के छह संस्करण और खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के चार संस्करण आयोजित किए जा चुके हैं। इन खेलों में भाग लेने प्रतिभागियों और शामिल क्षेत्रों का विवरण अनुबंध-I में दिया गया है।

(ङ) खेलो इंडिया स्कीम के "खेल अवसंरचना का निर्माण और उन्नयन" घटक के अंतर्गत, यह मंत्रालय खेल उपकरणों के साथ-साथ खेल परिसर, सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक, सिंथेटिक हॉकी मैदान, सिंथेटिक टर्फ फुटबॉल मैदान, बहुउद्देशीय हॉल, स्विमिंग पूल आदि जैसी बुनियादी खेल अवसंरचना के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है। खेलो इंडिया स्कीम के तहत ग्रामीण और अल्पसेवित क्षेत्रों सहित देशभर में स्वीकृत खेल अवसंरचना का विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड https://mdsd.kheloindia.gov.in पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

(च) खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत 33 खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्र और 1046 खेलो इंडिया केंद्र अधिसूचित किए गए हैं तथा 302 खेल अकादमियों को पारंपरिक और आधुनिक खेलों में व्यापक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए मान्यता दी गई है।

**अनुबंध– I**

**तमिलनाडु में खेलो इंडिया केन्द्र के संबंध में श्री मलैयारासन डी, माननीय संसद सदस्य, लोक सभा द्वारा दिनांक 03.02.2025 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2 के भाग (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।**

| क्र.सं. | स्पर्धा का नाम | मेजबान राज्य | प्रतिभागिता करने वाले एथलीटों की सं. |
|---|---|---|---|
| 1. | खेलो इंडिया स्कूल गेम्स, 2018 | नई दिल्ली | 3507 |
| 2. | खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2019 | महाराष्ट्र | 5923 |
| 3. | खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2020 | असम | 6130 |
| 4. | खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2021 | हरियाणा | 4684 |
| 5. | खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2022 | मध्य प्रदेश | 4783 |
| 6. | खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2023 | तमिलनाडु | 4454 |
| 7. | खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, 2020 | ओडिशा | 3166 |
| 8. | खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, 2021 | कर्नाटक | 3894 |
| 9. | खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, 2022 | उत्तर प्रदेश | 3613 |
| 10. | खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, 2023 | पूर्वोत्तर राज्य | 3658 |

****